पंजाब केसरी 02/09/2022

# विद्यार्थियों को पढ़ाया शिक्षा का पाठ

अम्बाला छावनी, 1 सितम्बर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में नए सत्र 2022-23 (ओरियंटेशन प्रोग्राम) का शुभारंभ हवन व यज्ञ से किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्राचार्य डा. वी.के जैन ने उपस्थित विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नए सत्र में विद्यार्थियों को शपथ लेनी चाहिए कि वह पूरे वर्ष मन लगाकर पढ़ाई करेंगे, ताकि परीक्षा परिणाम बेहतर आ सके। प्रिंसीपल ने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के शब्दों से प्रबुद्ध किया।

इस मौके पर विभिन्न सेल्स के अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना व्यक्ति के व्यक्तित्व में विकास लाता है। मंच का संचालन डा. अमित ने किया।

इस अवसर पर संयोजिका डा. सीमा कंसल, आई.क्यू.ए.सी. को-ऑर्डिनेटर डा. रचना खन्ना, डा. राजेंद्रा, डा. पांडे सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।